# नपा अध्यक्ष राठौर द्वारा सीवन गहरीकरण और सौंदर्यीकरण की पहल शहर का भविष्यः विधायक

सीहोर।

**शहर का विकास निरंतर चले और क्षेत्रवासियों को पेयजल की दिक्कत नहीं हो इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की पहल शहर का भविष्य है, शहर को सुंदर रखना हमारी जिम्मेदारी है।**



उक्त विचार शहर के सीवन नदी तट पर बुधवार से आयोजित मध्यप्रदेश सरकार की नमामि देवी गंगे जल संवर्धन कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि के रूप में सीहोर विधानसभा के विधायक सुदेश राय ने कहे। इस मौके पर सीवन नदी के महिला घाट पर करीब 60 से अधिक नगर पालिका के सफाई कर्मियों के अलावा अन्य ने इस अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित, नगर पालिका का अमला और पार्षद और स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

गत दिनों नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित क्षेत्र के अनेक पार्षदों ने भ्रमण कर इस संबंध में रूपरेखा बनाई थी, अब नपा अध्यक्ष की पहल पर आधुनिक मशीनों के साथ ही नदी के गहरीकरण का कार्य शुरू हो गया है। जेसीबी और पोकलेन मशीन के द्वारा बड़ी संख्या में डंपर, ट्रैक्टर-ट्रॉली से सीवन नदी का मलबा हटाया जा रहा है। नगर पालिका परिषद ने सीवन के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए गत वर्ष ही करोड़ों रुपए की योजना बनाई है। सीवन नदी के गहरीकरण की शुरूआत कराई गई।

**आगामी दिनों में शहर की सप्लाई लाइन की जाएगी दुरुस्त:** शहर के लिए पार्वती नदी के काहिरी बंधान से पानी सप्लाई होता है। जो पानी सप्लाई लाइन आ रही है वह काफी पुरानी हो चुकी है। इसमें कई जगह लीकेज की समस्या है। काफी पानी बर्बाद हो जाता है। इसे भी बदलने की जरूरत है।

**विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका सीहोर द्वारा कार्यक्रम:** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका सीहोर द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शपथ के बाद सभी ने सीवन नदी सफाई अभिमान में भाग लेकर महिला घाट के पास सफाई कार्य भी किया। नगर पालिका द्वारा जल संकट से निपटने के लिए विगत एक माह से सीवन नदी गहरीकरण अभियान शुरु किया गया है। यह अभिमान चद्दर पुल से शुरु होकर जहां-जहां भी नदी में गहरीकरण की आवश्यकता है, उसे किया जा रहा है। अब तक विभाग द्वारा जेसीबी मशीने लगाकर हज़ारों ट्रालियां मिट्टी और कचरा नदी से निकाला गया है। इस अभियान के बाद नदी में जल संग्रहण क्षमता काफी बढ़ जावेगी, जिससे आगामी वर्ष में शहर वासियों को जल समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम में अनेक समाज सेवी दल, नेताओं, अनेक पार्षदगण सफाई कर्मचारीगण और विभागीय कर्मचारियों के अलावा पिरामल फाउन्डेशन और शिक्षा विभाग के पर्यावरण प्रेमियो ने भाग लिया। नगरपालिका द्वारा इस अवसर पर यह निर्णय भी लिया गया है कि, आगामी समय में नगर में उचित स्थलों पर पौधारोपण किया जाएगा साथ ही विधायक सुदेश राय एवं नपाध्यक्ष प्रिन्स राठौर द्वारा समस्त नगर वासियों से अपील की गई है कि, प्रत्येक व्यक्ति आगामी वर्षाकाल में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और इसकी देखभाल की व्यवस्था भी स्वयं करे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र दीक्षित एव कार्यपालन यंत्री रमेश वर्मा द्वारा नगर के पर्यावरण प्रेमियों का फूल माला भेंट कर सम्मान किया गया।

# युवक ने की आत्महत्या, मरने से पहले पूर्व थाना प्रभारी पर लगाया आरोप

मंदसौर।

वायडी नगर थाना क्षेत्र के गांधीनगर स्थित एक मकान में मंगलवार की शाम को युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले युवक ने 3 मिनट 7 सेकेंड का एक वीडियो और टैक्स्ट मैसेज कुछ दोस्तों को सेंड किया था। इसके बाद उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया।

पुलिस के अनुसार, मृतक का नाम अंकित (22) पुत्र जगदीश माली निवासी दलोदा है। वर्तमान में वह मंदसौर शहर के गांधीनगर इलाके में रहा था। सुसाइड से पहले उसने एक वीडियो रिकॉर्ड किया। इसमें उसने दलोदा थाने के पूर्व थाना प्रभारी संजीव सिंह परिहार पर प्रताड़ित करने और 10 लाख रुपये लेने के आरोप लगाए। हालांकि करीब 2 माह पहले उनकी मृत्यु हो चुकी है। वही मृतक ने वीडियो में कहा कि वह दलौदा निवासी रितेश राठी के साथ उनकी वरना कार में था। साथ मे एक व्यक्ति कृष्ण पाल सिंह नाम का भी था। कार का एक्सीडेंट हो गया था।

इसमें टीआई संजीव सिंह परिहार उसे ब्लैकमेल कर रहा था वह परिहार को 10 लाख दे चुका था। रिंकू राठी भी परेशान कर रहा था। जिसे फोन कर बोला था कि बहुत परेशान हो चुका हूं। अब मुझे आत्महत्या करना पड़ेगी। हालांकि, उसने मेरी एक बात नही मानी। आत्महत्या से पहले बनाए वीडियो में मृतक ने एक युवती के बारे में भी जिक्र किया है।

वीडियो के साथ ही मृतक ने एक पोस्ट भी अपने दोस्तों को शेयर की जिसमें लिखा कि संजीव सिंह परिहार के साथ रिंकू पिता मांगीलाल राठी निवासी दलौदा ने साजिश रच धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया। रिंकू राठी, गोलू पोरवाल उसके घर वालो को परेशान कर रहे थे। कृपाल सिंह सिसोदिया निवासी मूंदेड़ी, सरपंच प्रतिनिधि गोविंद पोरवाल, और अनिल पाटीदार इन सब से वह परेशान हो चुका था।

**इनका कहना है:** संदीप मंगोलिया टीआई वायडी नगर ने कहा कि युवक ने आत्महत्या की है। हमने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की है। मृतक ने सुसाइड से पहले एक वीडियो भी वायरल किया है एक कागज भी मिला है। जांच की जा रही हैं।

## खास-खबरें

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण



**मंदसौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत सीईओं श्री आरसी हालू के मार्गदर्शन में जल संरक्षण को लेकर तालाब गहरीकरण एवं पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, एक घायल

**शाजापुर।** आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक को घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धरमसिंह पिता बद्रीलाल निवासी लीमा चौहान और हेमराज पिता गोपीलाल लववंशी 35 साल मंगलवार शाम को खेत पर पेड़ के नीचे रखी प्याज पर तिरपाल बिछा रहे थे, तभी बारिश शुरू हुई और अचानक से आकाशीय बिजली आ गिरी। इस घटना में हेमराज की मौके पर ही मौत गई। वहीं घायल होने पर धरमसिंह को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। घायल का शाजापुर अस्पताल में इलाज जारी है।

### प्लाट में मिट्टी खोदने पर हुआ विवाद दो लोग घायल

**गंजबासौदा।** लाल पठार क्षेत्र में प्लाट से मिट्टी खोदने पर दो पक्षों में विवाद की स्थित बन गई जिसमे एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगो पर सब्बल से हमला कर घायल कर दिया।सिटी थाना से मिली जानकारी अनुसार फरियादी रामभानु यादव निवासी लाल पठार ने सिटी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है की उनके प्लांट पर दीपक कुशवाह और राहुल कुशवाह मिट्टी की खुदाई कर रहे थे जिस पर मिट्टी खोदने से मना करने पर रामभानु और उनके छोटे भाई अंकित के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। सिटी थाना पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 294,323,506,34 का मामला दर्ज कर जांच में लिया।

### सार्थक का एमबीबीएस में चयन



सीहोर। स्थानीय दी ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल सीहोर के छात्र सार्थक अहिरवार का नीट परीक्षा 2024 के द्वारा एमबीबीएस हेतु चयन हुआ है।सार्थक अहिरवार ने नीट परीक्षा 2024 में 720 में से 673 अंकों से 12485 आल इण्डिया रैंक एवं 255 केटेगरी रैंक प्राप्त की। कृषक परिवार में जन्मे सार्थक अहिरवार, देवेन्द्र अहिरवार एवं अंजु अहिरवार के पुत्र है तथा विद्यालय में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक अध्ययनरत रहकर कक्षा में प्रथम आते रहे हैं। वर्ष 2020 में नेशनल टेलेंट सर्च परीक्षा में भी राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त की है तथा वर्ष 2023 में मि. ऑक्सफोर्ड से भी सम्मानित किया गया है। छात्र की उक्त उपलब्धि पर विद्यालय अध्यक्ष एड. जोली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

### कलेक्टर तथा एसपी ने ज्ञापित किया साधुवाद



**विदिशा (निप्र)।** जिले के पांचो विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई है। ये क्षेत्र हैं विदिशा, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज एवं शमशाबाद, जहां के ईव्हीएम मतो की गणना संपन्न हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने सम्पूर्ण मतगणना निर्विघ्न रूप से सम्पन्न होने पर संबंधितों के प्रति साधुवाद अभिव्यक्त किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए दो मतगणना प्रेक्षक श्रीमती विद्युत बरखेड़कर तथा नाबा कुमार बर्मन नियुक्त किए गए थे। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पीने के लिए शुद्ध ठंडा पेयजल सहित नाश्ता एवं भोजन के प्रबंध भी सुनिश्चित किए गए थे।

# कुबेरेश्वरधाम पर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, लगाए पौधे



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हर साल की तरह इस साल भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के द्वारा एक दर्जन से अधिक छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया। इस मौके पर मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती, चेतन चौधरी और युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव वर्धन यादव गुडगांव आदि मौजूद थे।

बुधवार को युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष श्री सिंह कांग्रेसजनों के साथ कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचे थे, इस मौके पर उन्होंने पंडित श्री मिश्रा से भेंट की और विठलेश सेवा समिति के द्वारा बुधवार से आरंभ किए गए विश्व पर्यावरण दिवस के पौधा रोपण कार्यक्रम के दौरान पंडित श्री मिश्रा के साथ पौधा रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्टीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने विश्व पर्यावरण दिवस की सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई, पर्यावरण का सीधा संबंध हमारे जीवन, हमारी सृष्टि से है। स्वच्छ-सुरक्षित पर्यावरण सभी प्राणियों के जीवन को सुगम बनाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता आशीष गहलोत, धर्मेन्द्र ठाकुर, चंदर ठाकुर, अमित पटेल, संदीप ठाकुर, मनीष मेवाड़ा, तनिष्क त्यागी, यश यादव, अक्षत सेंगर और अभिषेक लोधी आदि कांग्रेसजन मौजूद थे।

# श्रमदान के साथ पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**पीथमपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन एवं धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र के आदेशानुसार नगर पालिका अध्यक्ष सेवंती सुरेश पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशिकांत शुक्ल द्वारा निकाय नगर पालिका पीथमपुर में 1000 पौधे लगाकर और संजय जलाशय में श्रमदान कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।



पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए , स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आए जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह, हल्लह के सदस्यों और नागरिकों से अपने कार्यक्रमों को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में मनाने हेतु प्रेरित किया गया। नगर पालिका पीथमपुर के वार्ड 01 तारपुरा ट्रेंचिंग ग्राउंड में 500 फलदार पौधे लगाए गए जिनमे आम, नींबू, अमरूद, चीकू, कटहल अन्य पेड़ पीपल, करंज, नीम और बेल आदि सम्मिलित है, निकाय पीथमपुर के वार्ड 05 हाउसिंग मुक्तिधाम में 500 पौधे लगाए गए साथ ही निकाय के कर्मचारियों को लगाए पौधो की देखभाल करने समय पर पानी देने, ट्री गार्ड लगाने आदि के आवश्यक निर्देश दिए गए वृक्षारोपण अभियान उपरांत समस्त जनप्रतिनिधि, अधिकारी, निकाय के कर्मचारी, व्यावसायिक, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संजय जलाशय में जलीय निकायों को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु श्रमदान किया गया जिसमे लगभग 5 टन कचरा संग्रहित कर प्रसंस्करण स्थल भेजा गया साथ ही अध्यक्ष महोदया और मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जल संचय हेतु तालाब गहरीकरण करने का शुभारंभ किया गया और निकाय पीथमपुर को स्वच्छता में और प्रदूषण मुक्त शहर बनाने में सहयोग करने हेतु निकाय के रहवासियों को संदेश दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि पार्षद संजय वैष्णव, पार्षद प्रेम पाटीदार, लीला महेश पथरिया, अशोक पटेल, मनीषा लालू शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि लालू शर्मा, महेश पथरिया, रामावतार यादव, स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी. एस महते, कार्यालय अधीक्षक विजय अहीर, सहायक यंत्री श्री राकेश वासकेल, उपयंत्री सुधीर ठाकुर, मयंक त्रिपाठी, नितिन वर्मा, अजय करारे, हिमांशु सिंह वाहन प्रभारी रवि देवड़ा, स्वच्छता निरीक्षक रूपेश सूर्या, प्रेमकुमार चौहान, स्टोर प्रभारी घनश्याम चौधरी निकाय के समस्त झोन प्रभारी आरजू जैन, दिव्या खांडे, धर्मेन्द्र गुप्ता, ईश्वरीलाल मेडा, स्वच्छता सहयोगी संस्था टीम अलाइड से मैनेजर पंकज परिहार, आशीष द्विवेदी, निधि वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे गए विभिन्न प्रजातियों के पौधे



**विदिशा (निप्र)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय में पौधारोपण संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य के साथ महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस विभाग व इको क्लब द्वारा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के अनेक पौधे रोपे गए।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण का रखरखाव हमारा सामूहिक दायित्व है। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनिता प्रजापति ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जागरुकता बढ़ाने के लिए व्याख्यान दिया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के एनसीसी विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स के साथ महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्राओं ने सहयोग किया।

# सत्यवान वट-सावित्री पूजन आज

**विदिशा (निप्र)।** स्थानीय सावरकर बाल विहार स्थित श्रीवैकुण्ठधाम श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में आज ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या 6 जून गुरुवार को धर्मगुरु-धर्माधिकारी पं.गिरधर गोविन्द प्रसाद चतुर्वेदी शास्त्री के आचार्यत्व में वट-सावित्री पूजन होगी। सोमवती अमावस्या को अखण्ड सौभाग्य की मंगल कामना के साथ वट, पीपल एवं तुलसी की पूजन करके 108 परिक्रमा लगाई जाएगी। भारतीय सनातन संस्कृति की अद्भुत घटना है सत्यवान सावित्री कथा। यह सौभाग्यवती स्त्रियों का मुख्य पर्व है। वट वृक्ष को कच्चा सूत का धागा लपेटते हुए 108 परिक्रमा लगाई जाती है।

सावित्री के पतिव्रत धर्म आचरण से प्रसन्न होकर यमराज महाराज ने सावित्री से वरदान मांगने के लिए कहा तो सावित्री ने कहा भगवान आप से पुत्र प्राप्ति का वरदान चाहती हूँ, यमराज महाराज ने कहा तथास्तु ऐसा ही होगा। इस पर सावित्री ने कहा कि भगवान पति के बिना पुत्र प्राप्ति का वरदान कैसे पूर्ण होगा ? परिणामस्वरूप यमराज भगवान की कृपा से वटवृक्ष के नीचे सुरक्षित सत्यवान के मृत शरीर में जीवन का संचार हो गया वे उठकर बैठ गए। कथा के अनुसार उस समय सावित्री ने वट वृक्ष को प्रणाम करके परिक्रमा लगाई थी एवं वट वृक्ष के पत्तों का दोना बनाकर जल लाकर पतिदेव को जलपान कराया था।

# पर्यावरण दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**गंजबासौदा।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर व पौधारोपण का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में रुद्राक्ष ह्यूमन वेलफेयर समिति एवं कैलास सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन द्वारा सहभागिता की गयी । उक्त आयोजन द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्री पार्थ शंकर मिश्र की अध्यक्षता में महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ । अपने वक्तव्य में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता, साईबर अपराध, मोटर यान अधिनियम 1989, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000, नि:शुल्क विधिक सहायता, एवं नालसा (गरीबी उन्मूलन योजना का प्रभावी कियान्वयन के विधिक सेवाऐ) योजना 2015 के अंतर्गत जरूरतमंद लाभार्थियों को गरीबी उन्मूलन योजनाओं के विषय में जागरुक करने एवं समाज के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग को दिए गए लाभ तक पहुंच सुनिश्चित करना, एवं शासन द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार पर्यावरण को सहेजने पर विचार रखने , प्लास्टिक पॉलीथिन के दुष्प्रभाव , स्वास्थ एवं स्वच्छता, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नि:शुल्क विधिक सहायता आदि की जानकारी प्रदान की गई । साथ ही महाविद्यालय के प्रांगण में औषधीय पौधों का रोपण कर सहेजने का संकल्प भी लिया गया । उक्त आयोजन में अधिवक्ता राजेश सक्सेना , संजीव अरोरा, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील बाबू पिंगले , पीएलव्ही एवं रुद्राक्ष सोसायटी से देवेंद्र साहू , सत्यार्थी फाउंडेशन के अब्दुल कादिर , एचएल पाटस्कर महाविधालय के बिधि विभाग के प्रमुख आर आर द्विवेदी , प्रोफेसर निधि शर्मा , प्रियुष दुवे , प्रियंका प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**स्पेशल खबर** सचिव, सरपंचों के साथ जनपद कार्यालय का स्टॉफ भी धरने पर बैठा...

# जनपद औबेदुल्लागंज कार्यालय में दिनभर लगा रहा ताला

औबेदुल्लागंज।

**जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज की मुख्य कार्यपालन अधिकारी युक्ति शर्मा पर सचिव, रोजगार सहायक व सरपंचों ने जरूरत से ज्यादा कमीशन लेने के आरोप लगाते हुए बुधवार से पंचायत कार्यालयों में तालाबंदी कर जनपद कार्यालय में ही धरने पर बैठ गए।**




जनपद कार्यालय का भी दिनभर ताला नहीं खुला। जनपद के दो दर्जन कर्मचारी भी दिनभर सचिवों के साथ धरने पर बैठे रहे और सीईओ को औबेदुल्लागंज से हटाने व अपने मूल पद पर भेजने की मांग करते रहे। बुधवार सुबह 11 बजे गांवों से सचिव, रोजगार सहायक व सरपंच जनपद कार्यालय पहुंचे। इसी दौरान जनपद पंचायत का स्टॉफ भी कार्यालय पहुंचा और स्टॉफ ने आंदोलनकारियों को अपना समर्थन देते हुए कार्यालय के ताले नहीं खोले और कार्यालय के दरवाजे पर आंदोलन का बैनर लटका दिया। जिसके बाद सभी नारेबाजी करते हुए पेड़ों के नीचे धरने पर बैठे रहे।

**कार्यालय से लोटे लोग, ग्रामीण भी परेशान:** दिनभर जपं कार्यालय में ग्रामीण विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने आते रहे, लेकिन ताला लगा होने से वापस लोट गए। वहीं 71 में से करीब 65 ग्राम पंचायतों में ताले लगे रहे। जिससे ग्रामीणों को परेशानी हुई। सचिवों, रोजगार सहायकों व सरपंचों का कहना है कि जब तक सीईओ युक्ति शर्मा को यहां से नहीं हटाया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। गुरूवार को सभी भोपाल जाकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजड्क्षसह चौहान से भी मिलेंगे।

**सीईओ दिनभर नहीं पहुंची कार्यालय:** सुबह मुख्यमंत्री के झिरी में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सीईओ युक्ति शर्मा जपं कार्यालय औबेदुल्लागंज नहीं आई और वापस भोपाल लोट गई। किसी भी अधिकारी ने जनपद पंचायत कार्यालय में ताले लगे होने की सुध नहीं ली। जिपं सीईओ मंजू भदौरियों को भी सचिवों ने तालाबंदी की जानकारी दी, लेकिन वह भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बाद औबेदुल्लागंज ना आकर रायसेन लोट गई। किसी भी वरिष्ठ अधिकारी ने जपं कार्यालय आने की जरूरत नहीं समझी।